**बिहार सरकार**
**ग्रामीण विकास विभाग**
**बिहार रुरल डेवलपमेंट सोसाईटी**

पत्रांक :.....1254.....           दिनांक:.....18-12-2024.....
संOसंO: BI/558/19/2024-SEC_01-BRDS

प्रेषक,

लोकेश कुमार सिंह
सचिव ।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम समन्वयक,
सभी उप विकास आयुक्त-सह-अपर जिला कार्यक्रम समन्वयक,
बिहार ।

**विषय :** ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत 5671 ग्राम पंचायतों में 6659 खेल मैदान के निर्माण का कार्यारम्भ दिनांक 19.12.2024 को माननीय मुख्यमंत्री महोदय के कर कमलों द्वारा किये जाने के सम्बन्ध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक के सम्बन्ध में कहना है कि ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत 5671 ग्राम पंचायतों में 6659 खेल मैदान के निर्माण का कार्यारम्भ दिनांक 19.12.2024 को माननीय मुख्यमंत्री महोदय के कर कमलों द्वारा किया जाना प्रस्तावित है । उपर्युक्त कार्यक्रम की Live Streaming की जाएगी । सभी जिलों के जिला पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम समन्वयक, उप विकास आयुक्त -सह-अपर जिला कार्यक्रम समन्वयक , निदेशक जिला ग्रामीण विकास अभिकारण तथा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा उक्त कार्यक्रम में विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अपने जिले से जुडेंगे |

प्रखंड एवं पंचायत स्तर के मनरेगा कर्मीगण कार्यस्थल पर उपस्थित रहकर योजनाओं का कार्यारम्भ सुनिश्चित करेंगे । साथ ही सम्मानित स्थानीय जन-प्रतिनिधियों को भी कार्यारम्भ के समय संबंधित योजना स्थल पर उपस्थित रहने हेतु अनुरोध करेंगे । इस कार्यक्रम में युवाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाय । कार्यक्रम में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग (IPRD), बिहार के इस लिंक के माध्यम से जुड़ा जा सकता है ।

www.facebook.com/IPRDbihar, www.youtube.com/iprdbihar , www.twitter.com/IPRDBihar

विश्वासभाजन

(लोकेश कुमार सिंह)
सचिव
18/12/2024

प्रतिलिपिः निदेशक, सूचना एवं जन-संपर्क विभाग,बिहार को सूचनार्थ व आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

प्रतिलिपिः प्रबंध निदेशक, BELTRON /BSWAN टीम,बिहार पटना को सूचनार्थ व आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

प्रतिलिपिः आई टी मेनेजर/सचिव के प्रधान आप्त सचिव ग्रामीण विकास विभाग ,बिहार पटना को सूचनार्थ व आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

18/12/2024

सचिव